Demand for an underpass in Baksara in Howrah

श्री प्रसून बनर्जी **(**हावड़ा**)**: सभापति महोदय, आपने मुझे जीरो ऑवर में बोलने के लिए अवसर दिया, इसके लिए धन्यवाद। हावड़ा मेरा संसदीय क्षेत्र है। वहां की तकलीफ के बारे में मैं थोड़ा बोलना चाहता हूं। साउथ हावड़ा के बक्सारा में लोग इधर से उधर जा नहीं सकते हैं। संतरागाछी में ट्रेन एक-एक घंटा खड़ी रहती है। कोविड काल में वहां एम्बुलेंस खड़ी रहने के कारण करीब दो सौ आदमी मर गए। अत: मेरी आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से विनती है कि जल्दी से जल्दी वहां एक अंडरपास का निर्माण कराया जाए। वहां अंडरपास की सख्त जरूरत है। धन्यवाद।